आकाशवाणी देहरादून (उत्तराखण्ड)

बुधवार 10.09.2025 समय 07.20

**मुख्य समाचार :—**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नेपाल में हाल के राजनीतिक हालातों को देखते हुए सीमाओं पर सघन चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए।
- स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2025 में देहरादून, ऋषिकेश और काशीपुर ने राष्ट्रीय रैंकिंग में प्रगति दर्ज की।
- सी. पी. राधाकृष्णन भारत के 15वें उपराष्ट्रपति होंगे।
- धराली आपदा के 35 दिन बाद गंगोत्री धाम में एक बार फिर से तीर्थयात्रियों की आवाजाही शुरू।

**सुरक्षा व्यवस्था बैठक**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नेपाल में हाल के राजनीतिक हालातों को देखते हुए राज्य के सीमांत जिलों चंपावत, पिथौरागढ़ और उधम सिंह नगर के प्रशासन, पुलिस और सशस्त्र सीमा बल अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक की। बैठक में सीमाओं की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि नेपाल से लगी सीमाओं पर सघन चेकिंग अभियान चलाए जाएं और असामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी रखी जाए। सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों और भ्रामक सूचनाओं पर भी सतत नजर रखने और समय पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने जिला प्रशासन से कहा कि वे केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों और सीमा सुरक्षा बल के साथ समन्वय बनाए रखें और ग्रामीणों व स्थानीय समितियों की भागीदारी से निगरानी व्यवस्था को और मजबूत करें। सीमावर्ती मार्गों की नियमित निगरानी और सीमा पार आवागमन पर सतर्कता बढ़ाने के भी निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने भारत सरकार के दिशा–निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने और आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात करने को कहा। बैठक में सीमांत क्षेत्रों की सुरक्षा चुनौतियों और खुफिया तंत्र को मजबूत बनाने पर भी चर्चा हुई।

**स्वच्छ वायु सर्वेक्षण**

स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2025 में उत्तराखंड ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। देहरादून, ऋषिकेश और काशीपुर ने राष्ट्रीय रैंकिंग में बड़ी प्रगति दर्ज की है। एक रिपोर्ट–

**देहरादून ने पिछले वर्श की तुलना में 37वें स्थान से छलांग लगाकर 2025 में 19वां स्थान हासिल किया है। ऋषिकेश 31वें से बढ़कर 14वें स्थान पर पहुंचा, जबकि काशीपुर ने 19वें स्थान से सुधार कर 18वां स्थान प्राप्त किया।**

**उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष रमेश कुमार सुधांशु ने इस उपलब्धि का श्रेय शहरी निकायों, उद्योगों और नागरिकों के सामूहिक प्रयासों को दिया। इसमें यांत्रिक सड़क सफाई, ठोस अपशिष्ट व निर्माण मलबा प्रबंधन, हरित पट्टी विकास, उद्योगों में स्वच्छ ईंधन का उपयोग, स्मार्ट ट्रैफिक प्रबंधन और जनजागरूकता को अहम बताया गया।**

**मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यह उपलब्धि "सभी के लिए स्वच्छ वायु" के लक्ष्य के प्रति राज्य की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।**

**निर्देश फॉर ईको टूरिज्म**

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने उत्तराखंड में वन पर्यटन और ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए अभिनव प्रयास करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने चयनित स्थलों के वन विश्राम गृहों को ईको और नेचर कैंप के रूप में विकसित करने पर जोर दिया है। मुख्य सचिव ने कहा कि नंदा देवी शिखर को पर्वतारोहण अभियानों के लिए खोले जाने के प्रस्ताव पर केंद्र सरकार से अनुरोध किया जाएगा। उन्होंने राज्य की पर्वतारोहण नीति की समीक्षा कर नई नीति बनाने और ट्रैकिंग के नियमों को शीघ्र लागू करने को कहा। पर्वतारोहण व ट्रैकिंग की अनुमति के लिए एकल खिड़की व्यवस्था 15 नवंबर तक शुरू करने के निर्देश दिए गए।

सचिवालय में उच्चाधिकार प्राप्त समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य सचिव ने 25 नई ईको टूरिज्म योजनाओं पर तेजी से काम करने को कहा। उन्होंने बताया कि इन स्थलों को जबरखेत मॉडल की तर्ज पर विकसित कर पर्यटकों को आकर्षक सुविधाएं दी जाएं ताकि वे यहां लंबे समय तक ठहर सकें। मुख्य सचिव ने ऋषिकेश स्थित चौरासी कुटिया के पुनर्विकास की योजना पर भी काम तेज करने के निर्देश दिए। इस आश्रम से जुड़े दस्तावेज और संदर्भ ऋषिकेश व कोलकाता से एकत्र कर प्रदर्शित किए जाएंगे।

## आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा

केंद्र सरकार की अंतर–मंत्रालयी टीम गढ़वाल और कुमाऊं मंडलों के आपदा प्रभावित जिलों का दौरा कर रही है। टीम ने कल पौड़ी, रुद्रप्रयाग, नैनीताल और बागेश्वर जिलों का भ्रमण किया और प्रभावितों से मिलकर उनकी समस्याएं जानी। टीम ने भरोसा दिलाया कि केंद्र से पूरी मदद मिलेगी।

दल ने बागेश्वर में हड़बाड़ क्षेत्र का निरीक्षण किया, जहां भूस्खलन से सात परिवार प्रभावित हुए हैं और उन्हें अस्थायी स्थानों पर रखा गया है। टीम ने सड़क और बिजली स्टेशन को हुए नुकसान का भी जायजा लिया।

नैनीताल जिले की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी वंदना ने बताया कि मानसून में जिले को लगभग 443 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। इसमें लोक निर्माण, सिंचाई, ऊर्जा, ग्रामीण निर्माण, पेयजल और शिक्षा विभागों को सबसे ज्यादा क्षति हुई है। टीम ने गोलापार, गोला पुल, सूखी नदी और चोरगलिया समेत कई क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। टीम में कृषि मंत्रालय के निदेशक वीरेंद्र कुमार, केंद्रीय जल आयोग के अधीक्षण अभियंता सुधीर कुमार और यूएलएमएमसी के निदेशक शांतनु सरकार शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान जिलों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

## उपराश्ट्रपति निर्वाचन

सी पी राधाकृष्णन भारत के 15वें उपराष्ट्रपति निर्वाचित हुए हैं। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए के प्रत्याशी और महाराष्ट्र के गवर्नर श्री राधकृष्णन ने आई.एन.डी.आई. गठबंधन के प्रत्याशी और सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश बी सुदर्शन रेड्डी को 152 वोट से हराया। उपराष्ट्रपति चुनाव की मतगणना के बाद राज्यसभा के महासचिव और रिटर्निंग ऑफिसर पी सी मोदी ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कुल 781 मतदाता सांसदों में से 767 सांसदों ने मतदान किया। श्री मोदी ने बताया कि 767 मतों में से 752 वैध पाए गए और 15 मत अमान्य घोषित किए गए। उन्होंने बताया कि नए संसद भवन में हुए मतदान में 752 वैध मतों में से, श्री राधाकृष्णन को 452 वोट मिले। बी सुदर्शन रेड्डी को 300 वोट मिले।

## गंगोत्री धाम यात्रा फिर शुरू

उत्तरकाशी में धराली आपदा और अतिवृष्टि के 35 दिन बाद गंगोत्री धाम में एक बार फिर से तीर्थयात्रियों की आवाजाही शुरू हो गई है। गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग के क्षतिग्रस्त हिस्सों को प्रशासन और बीआरओ की लगातार कोशिशों से खोल दिया गया है। फिलहाल यात्रा संचालन शटल सेवा से किया जा रहा है। कल शाम तक धाम में सौ से अधिक यात्रियों ने विशेष पूजा–अर्चना कर मां गंगा के दर्शन किए।

## न्यू जीएसटी रिफॉर्म

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से दीपावली तक अगली पीढ़ी के वस्तु और सेवा कर यानी जीएसटी में व्यापक सुधारों की घोषणा की थी। अब सरकार ने सेवा क्षेत्र में इन सुधारों को लागू करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। आइए जानते हैं इन बदलावों का आम जनता पर क्या प्रभाव पड़ेगा। एक रिपोर्ट–

**सरकार ने सेवा और पर्यटन क्षेत्र में आम लोगों को राहत देते हुए जीएसटी दरों में अहम कटौती की है। ये सुधार 22 सितंबर से प्रभावी होंगे।**

**अब जिम, सैलून, नाई और योग सेवाओं पर 18 प्रति□ात की जगह केवल 5 प्रति□ात जीएसटी लगेगा। इससे ये सेवाएं अधिक सस्ती और सुलभ बनेंगी। इसका उद्देश्य लोगों को नियमित रूप से स्वास्थ्य, फिटनेस और योगाभ्यास जैसी जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है।**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि टैक्स में कटौती से युवाओं में स्वास्थ्य और फिटनेस को लेकर उत्साह बढ़ेगा।**

**होटल उद्योग के लिए भी सरकार ने राहत का ऐलान किया है। अब सात हजार 500 रुपये प्रतिदिन तक के होटल ठहराव पर जीएसटी दर 12 प्रति□ात से घटाकर केवल 5 कर दी गई है। इससे यात्रियों को किफायती और बेहतर विकल्प मिल सकेंगे।**

**इन जीएसटी सुधारों के माध्यम से सरकार न केवल नागरिकों को राहत देने की दिशा में कदम बढ़ा रही है, बल्कि सेवा और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में भी नवचेतना का संचार कर रही है।**

## अवैध सर्प विश संग्रहण केंद्र

रुड़की के खंजरपुर गांव में वन विभाग ने अवैध सर्प विष संग्रहण केंद्र पर छापा मारकर 86 जहरीले सांप बरामद किए। इनमें 70 कोबरा और 16 रसल वाईपर शामिल हैं। दोनों ही प्रजातियां भारतीय वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की अनुसूची–1 में संरक्षित हैं। प्रभागीय वन अधिकारी रुड़की विनय राठी ने बताया कि केंद्र के संचालक की अनुमति दिसंबर 2023 में समाप्त हो चुकी थी, बावजूद इसके केंद्र अवैध रूप से चल रहा था। विभाग ने सभी सांपों को जब्त कर अधिनियम के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है।

## एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर :-

सी पी राधाकृष्णन के भारत के 15वें उपराष्ट्रपति निर्वाचित होने की खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्राथमिकता से प्रकाशित किया है। हिन्दुस्तान समाचार पत्र ने खबर का शीर्षक लिखा है– सी पी राधाकृष्णन देश के नए उपराष्ट्रपति होंगे। श्री राधाकृष्णन ने विपक्ष के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी को 152 मतों से पराजित किया।

पड़ोसी देश नेपाल में बने राजनीतिक हालातों पर दैनिक जागरण की खबर है– नेपाल सीमा पर तीन दिन हाई अलर्ट। इसी पर हिन्दुस्तान समाचार पत्र का शीर्षक है– नेपाल में नौजवानों ने किया तख्तापलट संसद जलाई; हालाता बिगड़ने के बाद काठमांडू के हवाई अड्डे से सभी उड़ाने स्थगित की गई। भारत नेपाल सीमा को किया सील भारतीयों को नेपाल नहीं जाने की सलाह।